भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 4028

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 मार्च, 2015/29 फाल्गुन, 1936 (शक) को दिया गया)

भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान

4028. एडवोकेट जोएस जॉर्ज :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश में भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान के स्कूलों/केन्द्रों में सीटों की संख्या बढ़ाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और स्कूल/केन्द्र-वार इसे कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है; और

(ग) भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान के स्कूलों/केन्द्रों में और अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)

(क) : भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान की स्थापना एक विचारकमंडल, कार्रवाई अनुसंधान, सेवा अदायगी और क्षमता निर्माण संस्थान के रूप में और सरकार, कारपोरेट निकायों और अन्य हितधारकों के मध्य मूल्यवर्धित साझीदारियों के लिए मंच के रूप में भी वर्ष 2008 में मानेसर (हरियाणा) में सोसायटी के रूप में की गई थी। यह संस्थान अधिकारियों, बैंकरों, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए कारपोरेट क्षेत्र हेतु उपयोगी विषयों पर विभिन्न पाठ्यक्रम, सेमीनार, कार्यशालाएं आदि संचालित करता है। ये कार्यक्रम संस्थान के परिसर में, देश के अन्य स्थानों पर और ई-मोड के माध्यम से चलाए जाते हैं। किंतु, संस्थान कोई नियमित परिसर पाठ्यक्रम संचालित नहीं करता है और, इसलिए, उसके लिए कोई सीट आवंटित नहीं है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

*****